17/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नाइजीरिया के राष्ट्रपति **बोला अहमद टीनुबू** ने आज अबूजा में वार्ता की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच कार्यनीतिक भागीदारी की समीक्षा की और आपसी संबंधों को बेहतर बनाने के अवसरों पर चर्चा की। राष्ट्रपति टीनुबू के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत नाइजीरिया के साथ अपनी कार्यनीतिक भागीदारी को बहुत महत्व देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्रों में पहले से सहयोग जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश आतंकवाद और समुद्री लुटेरों की चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने **ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर** से सम्मानित करने के लिए नाइजीरिया के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। श्री मोदी ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, बल्कि समस्त भारतीयों का है।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले 17 वर्षों में यह पहला मौका है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया की यात्रा की है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक दो दिन के शी योमी जिले के दौरे पर है। राज्यपाल ने आज वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज मोनिगोंग का दौरा किया। उन्होंने गांव के लोगों के साथ संवाद किया और वाइब्रेंट बॉर्डर विलेज प्रोग्राम के तहत लागू की जा रही परियोजनाओं और योजनाओं की समीक्षा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार

सीमावर्ती क्षेत्रों के पहले गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से राष्ट्र प्रथम के भावना के साथ अरुणाचल प्रदेश के विकास में भागीदार बनने और रिमोट बॉर्डर विलेज्स में क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने का आह्वान किया। राज्यपाल ने लोगों से पीएम मोदी के विकसित भारत विजन को साकार करने के लिए एकजूट होकर कार्य करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एजुकेशन, हेल्थ, इंफ्रास्ट्राक्चर और टूरिज्म सेक्टर विकसित अरुणाचल विजन का मुख्य आधार है। राज्यपाल ने कहा कि शी योमी जिले के धार्मिक, इको और एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। उन्होंने युवाओं से टूर ऑपरेटर्स, गाईड्स, होम स्टे और पर्यटन संबंधी अन्य संभावित क्षेत्रों में स्टार्टअप शुरु करने को कहा। राज्यपाल ने स्थानीय लोगों से सुरक्षा बलों के साथ आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को बनाए रखने का अह्वान किया।

0000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक ने आज शी योमी जिले के भारत-चीन सीमा पर एल.ए.सी के निकट मोनिगोंग में आयोजित सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया।

इस सम्मेलन में भारतीय सेना, आईटीबीपी और असम राइफल्स के अधिकारी और जवान मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय सीमा, राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने सुरक्षा बलों से क्रिटिकल बॉर्डर रीजन्स की सुरक्षा के लिए सदैव सतर्क रहने का आह्वान किया। राज्यपाल ने सैन्य बलों, नागरिक प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने प्रभावी सीमा प्रबंधन और मॉडर्न सुरक्षा रणनीति पर अपना

विचार व्यक्त करते हुए संवेदनशील बॉर्डर्स पर चुनौतियों के मद्देनज़र फिजिकल फिटनेस और मेंटल एलर्टनेस पर बल दिया। इस अवसर पर भारतीय सेना की 56 इंफेंट्री डिविजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल आकाश जोहर ने राज्यपाल को सेना की ऑपरेशनल तैयारियों से अवगत कराया।

00000000000000000000

एलन मस्क की **स्पेस-एक्स** मंगलवार को अमरीका के **केप कैनावेरल** से भारत के संचार उपग्रह जीसैट-20 को लॉन्च करेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बताया कि **स्पेस-एक्स** का फाल्कन-9 इसरो का जीसैट-20 लॉन्च करेगा। इसके 14 वर्षों तक परिचालन में रहने की संभावना है। जीसैट-20 को जीसैट एन-2 भी कहा जाता है, जो पूरे भारत में विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी भी शामिल है।

00000000000000000000

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन - डी.आर.डी.ओ ने शनिवार को ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल उडान परीक्षण किया। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को सशस्त्र बलों के लिए डेढ हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उड़ान-परीक्षण को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिससे भारत महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियों की क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। उन्होंने सफल उड़ान परीक्षण के लिए

डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग को बधाई दी। इस मिसाइल को कई डोमेन में तैनात विभिन्न रेंज प्रणालियों द्वारा ट्रैक किया गया था।

000000000000000

भारतीय सेना नुरानांग डे के अवसर पर उन्नीस सौ बासठ के भारत-चीन युद्ध नायकों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि के रूप में आज से दो दिन का स्मारक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। भारतीय सेना के अनुसार सत्रह और अट्ठारह नवंबर को अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग जिले के न्यूक्मादुंग और तवांग वार मेमोरियल पर स्मारक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

भारतीय सेना की गजराज कोर ने नुरानांग डे के अवसर पर तवांग के जशवंत गढ़ पर गढ़वाल राइफल्स की चौथी बटालियन के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

महावीर चक्र से सम्मानित शहीद राइफल मैन जसवंत सिंह रावत, वीर चक्र विजेता लैंस नायक त्रिलोक सिंह नेगी और राइफल मैन गोपाल सिंह गुसैन और अन्य वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में जांग के एडीसी एच. क्री सहित कई अधिकारी, एक्स सर्विसमैन, विभिन्न स्कूलों के छात्र और पर्यटक मौजूद थे। स अवसर पर शहीदों के सम्मान में स्थापित स्मृति स्थल का उदघाटन हुआ। इधर भारतीय सेना ने नुरांनांग डे के अवसर पर असम के सोनितपुर से तवांग के बीच बाइक रैली का भी शुभारंभ किया।

00000000000000

पाक्के टाइगर रिजर्व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने अपने एक ट्वीट में

बताया कि प्रदेश के अन्य हिस्सों में रेस्क्यू कर लाया गया लियोपार्ड के तीन शावकों को इलाज के बाद नेचुरल हेबिटेट में छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जुलाई महीने में पाक्के टाइगर रिजर्व में लाये गए इन तीनों शावकों का सफलतापूर्वक रिहेबिलिटेशन अरुणाचल प्रदेश में बायोडायवर्सिटी कनजर्वेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

0000000000000000

तागिन स्टूडेंट सोसायटी दिल्ली ने राष्ट्रीय राजधानी में प्री सी दोन्यी हिलो उत्सव समारोह आयोजित किया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रोबिन हिबु, आई.ए.एस अधिकारी इंद्रा मालो, जे.एनयू के अध्यक्ष धनंजय और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कार्यरत राज्य के लोगों और छात्रों ने हिस्सा लिया।

00000000000000